तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

रतन भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

12 लाईवलीहुड कॉलेज में विश्वकर्मा योजना पर...



13 रूवाड में भक्त गुहा निषाद जयंती 22 को





## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित ट्रक नदी में गिरा, कटर से काटकर निकाला गया चालक




**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे 130 सी में इन दिनो दुर्घटनाएं बढ़ गई है लगातार सड़क चौड़ीकरण एवं मरम्मत की मांग किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रात 2 बजे के आसपास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर धवलपुर झापन नदी में रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में गिर गया और चालक फंस गया ट्रक के नदी में गिरने से ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मंगलवार सुबह चालक को बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के कई हिस्सों को कटर में काटकर बाहर निकाला गया यह तो सौभाग्य रहा कि चालक सुरक्षित है।

### ग्राम बिजली में विशेष स्वास्थ्य शिविर आज

**फिंगेश्वर।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के गोद ग्राम बिजली, विकासखंड फिंगेश्वर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न के निर्देशन में दिनांक 21 जनवरी को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में जिला गरियाबंद के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेगें। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जरी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, मेडिकल स्पेशलिस्ट, दंत रोग विशेषज्ञ, दमा, टीबी के मरीज, उच्च रक्तचाप शुगर के मरीजों के लिए विषय विशेषज्ञ, बच्चेदानी की बिमारियों, सफेद दाग, स्तन गांठ, गर्भवती महिलाओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ, कुपोषण बाल निमोनिया रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ जोड़ों के दर्द के लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ, पाइल्स सर्जन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में आयुष्मान कार्ड व वय वंदना कार्ड भी बनाया जावेगा साथ ही शालेय स्वास्थ्य परीक्षण, सिकलिंग जांच की भी सेवाएं प्रदान की जावेगी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हुमने ने ग्राम बिजली मड़वाडीह के साथ साथ आस पास के ग्रामों के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि इस शिविर में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाये व निःशुल्क दवाईयां प्राप्त करें।

### जंगल में डम्प एके-47 समेत हथियारों का जखीरा बरामद

**गरियाबंद।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना शोभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रक्शापथरा के जंगल इलाके से नक्सलियों द्वारा डम्प किए गए घातक हथियार बरामद किए गए हैं। यह इलाका जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 जनवरी 2026 को गरियाबंद में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली सूचना और निशानदेही के आधार पर जिला पुलिस बल की ई-30 टीम को 20 जनवरी 2026 को सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। इस अभियान में ई-30 टीम और बीडीएस की संयुक्त टीम शामिल रही। सर्च के दौरान थाना शोभा अंतर्गत रक्शापथरा के जंगल क्षेत्र में एक टेकरी के ऊपर चट्टान के किनारे नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए ▶▶|शेष पेज 12 पर



# महाराष्ट्र से 400 किमी उड़कर उदंती-सीतानदी पहुंचा बीमार गिद्ध, रेस्क्यू कर भेजा गया रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और सराहनीय सफलता दर्ज की गई है। महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व से करीब 400 किलोमीटर की दूरी तय कर यहां पहुंचे एक बीमार गिद्ध का उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व की टीम ने समय रहते सफल रेस्क्यू किया। इससे पहले ओडिशा से आए बीमार हाथियों के उपचार के बाद अब महाराष्ट्र से आए गिद्ध का सुरक्षित रेस्क्यू और उपचार की पहल ने वन विभाग की सतर्कता और संवेदनशीलता को एक बार फिर साबित किया है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे, इन्दागांव (बफर) परिक्षेत्र के काण्डसर बीट में नियमित फुट पेट्रोलिंग के दौरान श्रमिक राधेश्याम यादव ने एक गिद्ध को बीमार अवस्था में देखा। गिद्ध उड़ने में असमर्थ था और गर्दन झुकाकर जमीन पर बैठा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल परिक्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार सागर को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।


**जीपीएस और माइक्रो ट्रांसमीटर से हुई पहचान**-रेस्क्यू के दौरान पता चला कि यह वाइट रंप्ड वल्चर है, जिसकी पीठ पर माइक्रो ट्रांसमीटर और जीपीएस लगा हुआ था। जांच में स्पष्ट हुआ कि गिद्ध ने महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिज़र्व से उड़ान भरी थी। प्रारंभिक तौर पर उसकी खराब हालत का कारण डी-हाइड्रेशन ▶▶|शेष पेज 12 पर

## फुट पेट्रोलिंग के दौरान मिला था बीमार गिद्ध



### पहाड़ी वनों में पहले भी दिख चुके हैं गिद्ध

उल्लेखनीय है कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व का लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र पहाड़ी वनों से आच्छादित है। ओढ़-आमामोरा की पहाड़ियों में पूर्व में भी गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में इन्दागांव परिक्षेत्र की टीम और जंगल सफारी की डॉक्टर टीम का अहम योगदान रहा। यह अभियान वन मंत्री केदार कश्यप, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ अरुण पाण्डेय, उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व की फील्ड डायरेक्टर सतोविशा समाजदार, उपनिदेशक वरुण जैन एवं डीएफओ जंगल सफारी तेजस शेखर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## घटना : रातभर परिजनों की निगरानी में रहा शव, जांच में जुटी एफएसएल टीम

# पतोरी में अधेड़ की संदिग्ध मौत भाई से विवाद के बाद थमी सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतोरी में रविवार रात करीब 7 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब अधेड़ व्यक्ति रुपु निषाद (उम्र लगभग 50 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में चर्चा का माहौल है, वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम अचानक रुपु निषाद की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें स्वास्थ्य की जानकारी रखने वाले स्थानीय व्यक्ति को दिखाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। खबर लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रातभर मृतक का शव घर में ही परिजनों की निगरानी में रखा गया।

सोमवार सुबह अंत्येष्टि की तैयारी की जा रही थी, इसी दौरान गांव के कोटवार ग्रामिण एवं परिवार ने फिंगेश्वर थाना प्रभारी को सूचना दी कि ग्राम पतोरी निवासी रुपु निषाद की मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही है। बताया गया कि घटना से पहले ▶▶|शेष पेज 12 पर



### शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

पुलिस ने मृतक के बड़े भाई डेमुन निषाद को पूछताछ के लिए दिनभर थाने में बैठाए रखा, लेकिन नशे की हालत और ठोस सबूतों के अभाव में फिलहाल उसे छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। थाना प्रभारी फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गौवड़े ने बताया कि ग्राम पतोरी में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और लोगों से पूछताछ की गई। एफएसएल टीम की मदद ली गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम व एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।



### फरवरी में थी बेटे की शादी, घर में पसरा मातम

एसआई जयप्रकाश नेताम ने परिजनों के बयान दर्ज किए। मृतक के चचेरे भाई मणि निषाद ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब 7 बजे जब वह रुपु के घर पहुंचा, तब वह हिचकी ले रहा था और गड़गड़ाहट जैसी आवाज आ रही थी। कुछ ही देर में उसकी सांस थम गई। बताया गया कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था। वह वर्तमान में गांव में पूजा-पाठ व बैगा का काम करता था। उसका एक बेटा है, जिसकी शादी फरवरी माह में तय है। इधर गांव में यह चर्चा भी है कि मौत से कुछ समय पहले रुपु निषाद का अपने बड़े भाई डेमुन निषाद से बिजली बल्ब को लेकर विवाद हुआ था। उस समय रुपु घर छोटे से कमरा में खाना बना रहा था, जो ज्यों का त्यों पड़ा मिला। परिजनों ने भी दोनों के बीच झगड़े की आवाज सुनने की बात कही है, लेकिन डेमुन निषाद के शराबी प्रवृति, झगड़ालू और सनकी स्वभाव के कारण किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। विवाद के कुछ ही देर बाद रुपु की मौत हो गई, जिससे मामले ने और संदेह का रूप ले लिया है। हालांकि कुछ लोग इसे सामान्य हार्ट अटैक से हुई मौत भी बता रहे हैं।

## सीआरपीएफ 65 बटालियन के जवान की खाई में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के दौरान तैनात सीआरपीएफ 65 बटालियन के एक जवान की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमामोरा ओढ़ के पास उस समय हुआ, जब जवान सर्चिंग अभियान पूरा कर अपने कैंप की ओर लौट रहा था। ज्ञात हो कि आमामोरा ओढ़ बेहद दुर्गम पहाड़ी इलाका के नाम से जाना जाता है और खतरनाक खाई तथा मोड इस मार्ग में है सड़क अधूरा निर्माण हुआ है जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और बेहद खतरनाक खाई है इस मार्ग में आज मंगलवार को सीआरपीएफ के एक जवान भंवरलाल मीणा राजस्थान की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत होने की खबर मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ 65 बटालियन के जवान सुबह आमामोरा ओढ़ क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन के लिए निकले थे। अभियान समाप्त होने के बाद वापसी के दौरान जवान बाइक से आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भयानक था कि जवान को गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही अन्य साथी जवान तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल जवान को खाई से बाहर निकाला। तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने जांच उपरांत जवान को मृत घोषित ▶▶|शेष पेज 12 पर





### कुल्हाड़ीघाट सड़क में पेचवर्क कार्य प्रारंभ

**मैनपुर।** मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मुख्यमार्ग में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन दिनों पेचवर्क कार्य किया जा रहा है जिसके तहत कुछ स्थानों पर सीसी सड़क तो कुछ स्थानों पर डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। मैनपुर नवमुड़ा मार्ग में डामरीकरण कार्य किया जा रहा है।

## पसौद में मनाया गया शाकम्भरी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



ग्राम पसौद में ग्रामीण मरार पटेल समाज द्वारा शाकम्भरी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रुपकुमारी चौधरी शामिल हुई। शाकम्भरी महोत्सव में समाज के विकास के लिए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने सांसद निधि से ग्रामीण समाज पसौद के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की घोषणा करते हुए कहा कि समाज को उत्कृष्ट स्थान पर ले जाना है तो समाज के लोगों को शिक्षा के महत्व को घर-घर तक पहुँचाना होगा तभी समाज नशामुक्त और संस्कारित बन सकता है। आज मरार पटेल समाज किसी भी समाज से कमतर नहीं नहीं है, मरार समाज हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। शाकम्भरी महोत्सव के द्वितीय सोपान में मरार समाज ने समाज के होनहार बेटा ओजस्वी पटेल का सम्मान किया। ओजस्वी पटेल ने 2024 के छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग परीक्षा में सहकारिता अधिकारी बनकर समाज को गौरवान्वित किया साथ ही पंकज पटेल, गौरव पटेल व कुमारी हिना पटेल को कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद जिला पंचायत के सभापति नंदनी-कोमल ढीढी, फिगेश्वर जनपद पंचायत सभापति डॉ. दिलीप साहू ,चंद्रशेखर साहू ,संतराम साहू, नांदगांव राज अध्यक्ष तुकाराम पटेल, संयोजक गोविन्द पटेल, सचिव सुंदरलाल पटेल, वेदप्रकाश पटेल, तामेश्वर पटेल, कुंतराम पटेल, गोविन्द पटेल, नीलम पटेल, निरूपा पटेल, कमलेश्वरी पटेल, अजय पटेल सहित समाज के सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## स्कूलों में पढ़ाई या सिर्फ ट्रेनिंग? छुरा ब्लॉक के प्राइमरी व मिडिल स्कूल एक शिक्षक के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शिक्षा विभाग में आए दिन कोई न कोई प्रशिक्षण का कार्य चलते रहता है जिससे स्कूलों में पूरी तरह पढ़ाई प्रभावित होती है युक्ति करण के पश्चात लगभग सभी प्राथमिक शाला में एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक की है उसमें से एक प्रशिक्षण में उसके पश्चात दूसरा प्रशिक्षण सिर्फ स्कूलों में प्रशिक्षण चल रहा है अब सबसे कठिन और गंभीर प्रश्न है कि आखिर यहां पढ़ाई कब होगा? साथ-साथ दिसंबर में शीतकालीन अवकाश, साप्ताहिक अवकाश कर्मचारियों के हड़ताल उसके पश्चात जनवरी में प्रशिक्षण के बाद गणतंत्र दिवस सहित अन्य कार्यक्रम के पश्चात अवकाश आदि का मूल्यांकन करें तो गिनती के दिनों में ही स्कूलों में भी पढ़ाई हो रही है यहां पर अंदाज लगाया जा सकता है कि एक शिक्षक आखिर पांच कक्षाओं को किस तरह पढ़ाई करते हैं शासन द्वारा नई शिक्षा नीति लागू किया जा रहा है साथी साथ 10वीं व 12वीं के बोर्ड कक्षाओं में परिणाम बेहतर हो इसके लिए भी बेहतर प्रयास किए जाते हैं किंतु इस चक्कर में वर्तमान के जो कार्य है वह लगभग कार्य पिछड़ जाता है। प्राथमिक शाला में एफ एलएन ट्रेनिंग दो चरण में लगभग 477 शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया जा रहा है जिनका ऑनलाइन ट्रेनिंग पहले से हो चुका है उसे ऑफलाइन ट्रेनिंग दिया जा रहा है।

**बोर्ड परीक्षाओं के तैयारी के लिए ट्रेनिंग दिया जा रहा-** इसी तरह माध्यमिक शाला के 226 शिक्षकों को कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो की नए शिक्षा सत्र से ही उनके छठवीं की कक्षाओं में नवीन पाठ्यक्रम पुस्तक के मिल चुका है जिनका ट्रेनिंग अब चल रहा है इसी तरह हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## भाटीगढ़ में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

# सेवा और अनुशासन से संवरेगा भविष्य : नेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

युवाओं ने शिविर के माध्यम से न केवल व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया है, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह अनुभव विद्यार्थियों के जीवन को संवारने वाला सिद्ध होगा। उक्त बातें ग्राम भाटीगढ़ में आयोजित नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में सरपंच पुष्पा नेगी ने कहीं। विकसित भारत के लिए युवाः डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास विषय पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़ना और ग्रामीण परिवेश में जागरूकता फैलाना था। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने योग-व्यायाम, श्रमदान और प्रभात फेरी के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया।



**श्रमदान से संवारा पैरी उद्गम स्थल-** शिविरार्थियों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पैरी उद्गम मेला स्थल और पहाड़ी पर बनी सीढ़ियों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही बौद्धिक सत्रों में जनसंख्या नियंत्रण, मतदाता जागरूकता और स्वच्छता जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने कहा कि समाज सेवा के जरिए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का प्रयास किया गया है। समाजसेवी डाकेश्वर नेगी ने बताया कि शिविरार्थियों ने अपनी सेवा से ग्रामीणों का दिल जीत लिया है। शिक्षक तरुण साहू ने अपनी स्वरचित कविता से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने भी पुलिस प्रशासन की ओर से सहभागिता निभाते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिविरार्थियों को प्रमाण ▶▶|शेष पेज 12 पर



## धान पार कराने के आरोप में कोटवार निलंबित, नगर सैनिक सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ जांच में लापरवाही और संलिप्तता उजागर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत अमलीपदर तहसील के ग्राम बंधियामाल चेक पोस्ट पर अवैध धान परिवहन के मामले में प्रशासनिक कार्यवाही की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान सीमावर्ती राज्यों से समर्थन मूल्य पर धान लाकर जिले के उपार्जन केंद्रों में विक्रय की आशंका को रोकने के लिए उक्त चेक पोस्ट पर पुलिस विभाग थाना देवभोग के माध्यम से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी मैनपुर के आदेशानुसार नगर सैनिक बोधन कंवर एवं ग्राम कुशकोना के कोटवार खेमराज सोनवानी को ग्राम बंधियामाल चेक पोस्ट पर तैनात किया गया था। 13 जनवरी 2026 को निरीक्षण के दौरान दोनों कर्मचारी चेक पोस्ट पर उपस्थित पाए गए। इस बीच 18 जनवरी 2026 को खबर के माध्यम से आरोप सामने आया था कि 13 और 14 जनवरी की मध्य रात्रि 11:00 से 1:00 बजे के बीच कोटवार श्री खेमराज सोनवानी द्वारा कथित रूप से पैसे लेकर अवैध धान वाहन को चेक पोस्ट से पार कराया गया। समाचार में इस संबंध में रिकॉर्डेड बातचीत के अंश भी प्रकाशित किए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार अमलीपदर द्वारा कोटवार खेमराज सोनवानी को कथन के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बच्चों को दी गई पानी बॉटल और पेन



**नवापारा-राजिम।** मकर सक्रांति व बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शास बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा के 158 बच्चों को स्वाति भंडारी व सोनिया दुग्गड़ ने पानी बोतल एवं पेन दिया। कहा कि विद्या बहुत ही आवश्यक है समय का सदुपयोग करो मन लगाकर पढ़ो।

### नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूत होगी : बजाज

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन



नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि नबीन के निर्वाचन से यह सिद्ध हो गया है कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जहां किसी भी कार्यकर्ता को साधारण से असाधारण बनने का अवसर मिल सकता है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव विधिवत एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ है। श्री बजाज ने कहा कि नितिन नबीन एक कर्मठ एवं जुझारू नेता है तथा उनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी।

### पतोरा मड़ई 22 को

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत पतोरा मे ग्राम वासियों के तत्वावधान में सामुहिक वार्षिक उत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक का भव्य आयोजन 22 जनवरी को होगा। इस दिन सुबह चार बजे से देव विधान पूजा शुरू हो जायेगा। दोपहर राऊत समुदाय द्वारा एंव बैरक मड़ाई का शौर्य प्रदर्शन होगा। लोगो की रात्रि कालिन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत लोकनृत्य पार्टी, डोंगरगढ़ का कार्यक्रम हो रहा है। सरपंच सुरज भारतीय,पुर्व सरपंच उदे राम साहू ने आम लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपिल की है।

## निधन

### कविता अग्रवाल

**नवापारा-राजिम।** स्व बसंत अग्रवाल की धर्मपत्नी कविता



अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज 21 जनवरी सुबह 10:30 बजे होगी। वे अभिलाश, रवि अग्रवाल की माता थी।

## दिवस : खड़मा में ब्रह्मा बाबा का 57वां स्मृति दिवस आध्यात्मिक

# ब्रह्माबाबा का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का प्रेरणा देता है : अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव( कोरासी)



ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र खड़मा के ओम शांति भवन में संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57 वा स्मृति दिवस श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच 18 जनवरी रविवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य अवध राम साहू बतौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग ध्यान एवं, परमात्मा पिता शिव बाबा की ज्ञान मुरली से हुई। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्मा बाबा ने अपने त्याग, तपस्या और सादगीपूर्ण जीवन से पूरी मानवता को आध्यात्मिक मार्ग दिखाया। उन्होंने प्रेम, एकता और विश्व कल्याण का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ब्रह्मा बाबा सदैव परमात्मा पर पूर्ण विश्वास रखते हुए एक बल, एक भरोसे के साथ अपने जीवन को ईश्वरीय सेवा में समर्पित किए रहे। उनका जीवन त्याग, तपस्या और सेवा की प्रेरणा देता है। ग्राम प्रमुख व जनपद सदस्य अवध राम साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा और संस्कार आध्यात्मिक ज्ञान से मिलता है उन्होंने राम, कृष्ण के चरित्र का उदाहरण देते, ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं को आज के समय में मानव जीवन के कल्याण के लिए आवश्यक बताया।

### निरंकारी, निर्विकार और निरहंकारी बनो

वहीं संस्थान के वरिष्ठ सदस्य अगहन सिंह ठाकुर ने कहा कि ब्रह्मा बाबा सदा सभी के लिए एक उदाहरण मूरत बनकर रहे। उनकी अंतिम शिक्षा थी कि "निरंकारी, निर्विकार और निरहंकारी बनो।" यही शिक्षाएं आज के समय में मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का आधार हैं। अंत में सभी ने ब्रह्मा बाबा को पुष्पांजलि व श्रद्धा सुमन अर्पित कर,ब्रह्माभोजन स्वीकार किए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अगहन सिंह ठाकुर, डॉ. बीएस साहू, सेवानिवृत प्राचार्य नारायण लाल निषाद, यादव समाज जिलाध्यक्ष गोविंद यादव, निषाद समाज सर्कल सचिव अलखराम निषाद आर्किटेक्चर इंजीनियर प्रभा पुराण सिंह ठाकुर, शिक्षिका भुनेश्वरी साहू, लवण साहू, पत्रकार तेज राम उमेश ध्रुव, पंचायत सचिव कृषलाल सिन्हा, माला सिंहा सहित ख़डमा सेवाकेंद्र अंतर्गत ग्राम गायडबरी, पिपरछेडी (जतमाईगढ़), तालेसर, द्वारतरा, करचाली, मड़ेली, पक्तियां, छुरा, अकलवारा, ब्रह्माकुमारीज़ पाठ शाला से सैकड़ों की संख्या में माताएं, बहने, युवा एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# जिले में छात्राओं ने ली बाल विवाह मुक्त समाज की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) के माध्यम से जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय एवं बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम तथा शासकीय हाई स्कूल मौहाभाटा में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान छात्राओं का एनीमिया परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की एएनएम एवं सुपरवाइजर द्वारा बताया गया कि किशोरावस्था में एनीमिया एक गंभीर समस्या है, जिसे समय रहते पहचान कर उचित पोषण एवं उपचार से नियंत्रित किया जा सकता है। छात्राओं को आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट तथा कैल्शियम सप्लीमेंट के नियमित सेवन के लाभों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा के महत्व तथा विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए एवं नारों के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। महिला सशक्तिकरण हब से उपस्थित जेंडर विशेषज्ञ ने कहा कि बालिका समाज की रीढ़ है और उन्हें समान अवसर, सुरक्षा एवं शिक्षा देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू बाल विवाह उन्मूलन रहा, जिसके अंतर्गत सभी बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, स्वास्थ्य विभाग की टीम, महिला सशक्तिकरण हब के जेंडर विशेषज्ञ एवं वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति रही।

# आध्यात्मिक ऊर्जा से महका गुरुधाम तरीघाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर




गुरुधाम तरीघाट में आयोजित दो दिवसीय 18 एवं 19 जनवरी को शिव संयुजस्य स्वामी अनुराज जयंती समारोह एवं अमृत आनंद महोत्सव का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और साधना के वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर गुरुधाम के संरक्षक, संचालक गुरुजी डॉ. आनंद मतावले के सान्निध्य में साधकों, शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में गुरुजी डॉ. आनंद मतावले ने व्यास पीठ से उपस्थित साधक-शिष्यों को मंत्र, दीक्षा, साधना, साबर मंत्र, गुप्त नवरात्रि, बसंत पंचमी एवं नील तारा साधना जैसे गूढ़ और दुर्लभ आध्यात्मिक विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रवचन दिया। अपने ओजस्वी एवं सरल वाणी में गुरुजी ने साधना के वास्तविक स्वरूप, गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता तथा आत्मकल्याण के मार्ग को अत्यंत सहज रूप में समझाया। अंतरमुखी होने के लिए चक्र साधना के बारे में भी बताया गया। एकम ब्रम्हा सकल जगत को समझना होगा। पूज्य गुरुजी ने कहा कि मंत्र और दीक्षा केवल शब्द या विधि मात्र नहीं हैं, बल्कि वे साधक के जीवन में चेतना जागरण का माध्यम हैं। साबर मंत्र की प्रभावशीलता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह लोकजीवन से जुड़ी सरल साधना पद्धति है, जो श्रद्धा और विश्वास के साथ की जाए तो शीघ्र फलदायी होती है। गुप्त नवरात्रि के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने इसे अंतर्मुखी साधना और सिद्धि प्राप्ति का श्रेष्ठ काल बताया, वहीं बसंत पंचमी को ज्ञान, विवेक और साधना के नवसंकल्प का पर्व बताया।नील तारा साधना पर विशेष प्रकाश डालते हुए गुरुजी ने कहा कि यह साधना साधक को भय, भ्रम और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त कर आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करती है।दो दिवसीय अमृत आनंद महोत्सव के सफल आयोजन पर गुरुसत्ता आध्यात्मिक तंत्र ज्योतिष वेलफेयर सोसायटी राजिम के संचालक, संरक्षक डॉ. आनंद मतावले गुरुजी, मां चंकेश्वरी पीठ के पुजारी रामधन जोशी, रामगुलाल साहू, चंद्रशेखर सिन्हा मैनपुर, गिरीश गजेंद्र बसना, राजू चंद्राकार बागबाहरा, ओंकार साहू, गरियाबंद, तुलेंद्र सागर, टीकवेंद्र जटवार, दीनबंधु निराला महासमुंद, भागचंद चतुर्वेदी, हेमराज साहू, सहदेव बंजारे राजिम, लोकनाथ आंडेय, भीषलाल साहू सहित पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग तीन हजार से अधिक साधक शिष्य उपस्थित रहे।

# लाईवलीहुड कॉलेज में विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के लिए एमएसएमई-विकास कार्यालय रायपुर द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 120 से अधिक हितग्राहियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कौशलयुक्त लोगों को समयानुकूल तकनीक और बाजार की समझ प्रदान कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को गति दिया गया। इस दौरान एमएसएमई-विकास कार्यालय रायपुर की सहायक निदेशक स्वाति अग्रवाल, शासकीय आईटीआई गरियाबंद की प्राचार्य आशा वर्मा, एसबीआई बैंक के प्रबंधक मनोज मिश्रा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के उप महाप्रबंधक रवि धुरव, बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर अशोक चंद्रा एवं एमएसएमई प्रबंधन विशेषज्ञ सीए अरिहंत कुमार बोथरा ने प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास, मार्केटिंग के आधुनिक आयाम, डिजिटल साक्षरता, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एवं कारोबार विस्तार के लिए आवश्यक तकनीकी दक्षताओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लाईवलीहुड कॉलेज की सहायक परियोजना अधिकारी सृष्टि मिश्रा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल गोद ग्राम बिजली में सांसद निधि से 10 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

**छुईहा बेलर।** राज्यपाल गोद ग्राम बिजली में रामचरितमानस यज्ञ के रविवार तीसरे भी दिन की आहुति चौपाइयों गुंज से क्षेत्र सकारात्मक उर्जा से सराबोर हुई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी में महिला की उपस्थित ज्यादा थे।वहीं इसी मंच पर दोपहर को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि में सांसद रुप कुमारी चौधरी के पति व बतौर उनके प्रतिनिधि के रूप ओमप्रकाश चौधरी, समाजिक कार्यकर्ता भाजपा युवा नेता रुपसिंह साहू, साहू समाज जिला उपाध्यक्ष, कांग्रेस नेत्री पुष्पा साहू यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन समीति एवं सरपंच पद्मा मोती निषाद में अतिथियों का सम्मान किया। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने बिजली



पंचायत को विकास कार्य के लिए सासंद मंद से 10 लाख रुपए की घोषणा किया। समाजिक कार्यकर्ता भाजपा युवा नेता रुपसिंह साहू ने कहा की मानस यज्ञ से यह शिक्षा मिलती है कि हमें स्वार्थ त्यागकर परोपकार, प्रेम और संयम का जीवन जीना चाहिए, अपने मन को शुद्ध करके ईश्वर के प्रति समर्पित होना चाहिए, और हर कर्म को पूजा समझकर विश्व शांति और कल्याण के लिए करना चाहिए, क्योंकि यह हमें आत्म-त्याग, मानसिक शुद्धता, और दिव्यता की ओर ले जाता है, जिससे जीवन में सच्ची शांति और आनंद मिलता है। इस मौके पर जनपद सभापति नंदू यादव,सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, मोती निषाद, गजेन्द्र निषाद, ठाकुर राम, लिखन निषाद, दयाराम साहू, कृपा निषाद, डोमन साहू, उदय यादव, दुज राम ढीढी, रमेश यादव, नेतराम, चुनु, हेमन, ओमप्रकाश साहू, रूपेश साहू शत्रुघन, नुतन इत्यादि उपस्थित थे।

### जितेंद्र बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सोनकर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के रसायन उर्वरक एवं बीज प्रकल्प के प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर गरियाबंद जिले के सोसाइटियों के सभी अध्यक्ष, श्री सोनकर के निज निवास पहुंचकर उन्हें पुष्प माला बुके देकर के बधाई दी। बधाई देने वालों में पोखरा समिति के अध्यक्ष ललित साहू, अरंड के लिकम साहू, जेंजरा के महेश साहू, कोपरा चतुर साहू, लोहरसी के धनीराम साहू ,बेलटुकरी के अध्यक्ष चेमन धीवर, कौंदकेरा के बाबूलाल साहू, लालाराम साहू, बासीन समिति के अध्यक्ष गोपचंद बनर्जी सहित जिले के सभी अध्यक्ष शामिल है।

## पेज 11 के शेष...

### महाराष्ट्र से 400 किमी...

या बीमारी माना जा रहा है। **विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में रेस्क्यू-** बिलासपुर के वल्चर एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा ने टेलीफोनिक कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टीम को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। मौके पर गिद्ध को पानी और आर्टिफिशियल फीड दी गई, इसके बाद उसे घने जंगल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। बीट गार्ड रामकृष्ण साहू के माध्यम से गिद्ध को गरियाबंद लाया गया। गरियाबंद पहुंचने पर जंगल सफारी की डॉक्टर टीम से डॉ. जडिया और ऋचा ने गिद्ध को रेस्क्यू केज में शिफ्ट किया। इसके पश्चात उसे उपचार के लिए नया रायपुर स्थित जंगल सफारी ले जाया जा रहा है। उपचार पूर्ण होने के बाद गिद्ध को पुनः उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ा जाएगा।

### पतोरी में अधेड़...

मृतक पूरी तरह स्वस्थ था। गांव वालों के अनुसार, रविवार को दिनभर वह अपने घर की सीमेंट प्लास्टर का काम करता देखा गया था और शाम तक बिल्कुल सामान्य स्थिति में था। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गौवड़े, एसआई जयप्रकाश नेताम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मामला गंभीर प्रतीत होने पर पुलिस ने एफ एल एस (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को सूचना देकर वैज्ञानिक जांच में सहयोग मांगा। रायपुर से पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। उन्होंने फोटोग्राफ किए।

### सीआरपीएफ 65...

कर दिया। **जवान देश की सुरक्षा में निरंतर अपना कर्तव्य निभा रहे-** जवान की शहादत की खबर मिलते ही सीआरपीएफ विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। जिला अस्पताल में सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जवान के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रखा गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र अत्यंत दुर्गम और पहाड़ी होने के कारण सर्चिंग अभियान के दौरान जवानों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। संकरी और फिसलन भरी सड़कों पर आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों के अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, जवान की शहादत को नमन करते हुए अधिकारियों ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवान कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा में निरंतर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। सीआरपीएफ के इस जवान की असमय मृत्यु ने एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आंतरिक सुरक्षा की लड़ाई में जवान हर पल जोखिम के साथ डटे रहते हैं। क्षेत्रवासियों और सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### स्कूलों में पढ़ाई या...

ब्लूप्रिंट तैयार कर बोर्ड परीक्षाओं के तैयारी के लिए ट्रेनिंग दिया जा रहा है कुल मिलाकर औसत निकाले तो पहले राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिक्षकों की ड्यूटी कारण से प्रभावित सहित एसआई आर मूल्यांकन देखे तो स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक की अपना समय दे रहे हैं इससे अंदाज लगा सकते हैं कि प्राथमिक शाला के पांच कक्षाओं और माध्यमिक शाला के तीन कक्षाओं में एक शिक्षक क्या पढ़ाई होती होगी और आखिर उन्हें प्रशिक्षण किसके लिए दिया जा रहा है? प्रशिक्षण देकर उन्हें कब उता रना है यह भी तय नहीं है और शायद शासन प्रशासन भी असमंजस की स्थिति है कि हम प्रशिक्षण किसे दे रहे हैं और किसके लिए दे रहे हैं क्योंकि यह सत्र लगभग समापन की ओर है और मार्च अप्रैल से परीक्षा प्रारंभ होना है।

### जंगल में डम्प एके-47...

हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से 01 नग एके-47 राइफल, 01 नग खाली मैगजीन, 01 नग 12 बोर हथियार जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये हथियार डीजीएन डिवीजन द्वारा जंगल क्षेत्र में डम्प किए गए थे। बरामदगी से नक्सलियों की गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है। क्षेत्र में लगातार सर्च और निगरानी अभियान जारी है।

### सेवा और अनुशासन...

पत्र वितरित किए गए। सरपंच पुष्पा नेगी एवं डाकेश्वर नेगी द्वारा स्मृति स्वरूप बर्तन भेंट किए गए, वहीं स्कूल स्टाफ ने प्राचार्य और कार्यक्रम अधिकारी को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। शिविर का सफल संचालन रा.से.यो. अधिकारी सनबरसन साहू द्वारा किया गया। इस दौरान नायक मिश्रीलाल यादव, ज्ञानसिंग मरकाम, नायिका माधुरी ठाकुर, गरिमा साहू सहित स्वराज, युधिष्ठिर, रेखा, हंसा और अन्य स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में सहायक कार्यक्रम अधिकारी जयश्री वर्मा, संजय रामटेके, संगीता टोडर सहित ग्रामीण और महाविद्यालयीन स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### धान पार कराने के...

लिए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए मोबाइल के माध्यम से बुलाया गया, किंतु उनके द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। जांच में छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 के नियम 5 (एक) एवं (दो) के उल्लंघन की पुष्टि होने पर कोटवार श्री खेमराज सोनवानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर, नगर सैनिक श्री बोधन कंवर को जिला गरियाबंद स्थित जिला सेनानी कार्यालय में वापस भेज दिया गया है। प्रशासन का मानना है कि ड्यूटी के दौरान इस प्रकार की घटना कर्तव्य के प्रति लापरवाही और दायित्वों के निर्वहन में गंभीर चूक को दर्शाती है। अवैध धान परिवहन में संलिप्तता के आधार पर श्री बोधन कंवर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है तथा संबंधित विभागों से की गई कार्यवाही की जानकारी कार्यालय कलेक्टर को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# शिव कथा सुनने के लिए अनेक जन्मों का पुण्य जरूरी : युवराज पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



ग्राम खिलोरा में इन दिनों भक्ति की गंगा बह रही है। राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय के मुखारविंद से आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के दौरान पंडित पाण्डेय ने महादेव के अनंत स्वरूप और शिवपुराण की महिमा का ऐसा वर्णन किया कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय ने शिव महिमा का बखान करते हुए कहा कि भगवान शिव का चरित्र शब्दों की सीमा से परे है। उन्होंने एक सुंदर उदाहरण देते हुए कहा, */"यदि सातों समुद्रों के जल को स्याही, कल्पवृक्ष की डाल को लेखनी और संपूर्ण आकाश को कागज बना दिया जाए और स्वयं माता सरस्वती अनादि काल तक लिखती रहें, तब भी महादेव की संपूर्ण लीलाओं का वर्णन नहीं किया जा सकता।/"* उन्होंने शिव को अनादि, अनंत और इंद्रियातीत बताते हुए कहा कि पृथ्वी के धूल के कण तो गिने जा सकते हैं, लेकिन शिव के गुणों का पार पाना असंभव है। पंडित जी ने शिवमहापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कथा जीवात्मा, प्रेतात्मा और पापात्मा तीनों का कल्याण करने वाली है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होते ही अंधकार नष्ट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार शिवमहापुराण के श्रवण मात्र से मन के सारे तर्क, शंकाएं और जीवन की उलझनें स्वतः समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि शिव कथा सुनने का सौभाग्य केवल एक जन्म के पुण्य से नहीं, बल्कि अनेक जन्मों के संचित पुण्यों के उदय होने पर ही मिलता है। कथा के दौरान पंडित पाण्डेय ने अपनी सुमधुर वाणी में शिव भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। आयोजन के मुख्य सूत्रधार गंगाधर अग्रवाल ने बताया कि इस भव्य आयोजन का एकमात्र उद्देश्य समाज को भगवान शिव की भक्ति की ओर प्रेरित करना और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना करना है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## रूवाड में भक्त गुहा निषाद जयंती 22 को

**रसेला।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ निषाद समाज के द्वारा गुहा जयंती मनाया जाएगा। पाचपाली निषाद समाज द्वारा 22 जनवरी को ग्राम रूवाड में भक्त गुहा निषाद जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे जनक राम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ, इस सभा के अध्यक्षता करेंगे निषाद समाज अध्यक्ष परिक्षेत्र छुरा धनसाय निषाद, विशेष अतिथि के रूप में लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, साधुराम निषाद उपाध्यक्ष परिक्षेत्र छुरा, बिमला नागेश जनपद सदस्य, सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, विजयकृष्णा नागेश सरपंच, महेश सोरी उपसरपंच, कृष्ण कुमार ठाकुर ग्राम पटेल रूवाड, सहित ग्राम प्रमुख और क्षेत्र के सभी सरपंचगण और सभी आमंत्रित अतिथि यहां कार्यक्रम में शामिल होंगे। निषाद समाज के प्रमुख ने बताया कि सुबह 10 बजे से कलश एवं शोभायात्रा, दोपहर 12 बजे से पूजा अर्चना के पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व सभा का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम 8 बजे से शिव शक्ति जस एवं फाग परिवार ग्राम कसही थाना कुरूद जिला धमतरी का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। निषादराज गुहा भगवान श्रीरामचन्द्र जी के परम मित्र थे, जिन्होंने वनवास के दौरान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी को सहयोग प्रदान किया। निषादराज गुहा जी भक्ति, सेवा भाव और सामाजिक समरसता को स्मरण करने के लिए यह आयोजन प्रेरणादायक है। निषाद समाज प्रकृति प्रेमी समाज है, जो नदियों एवं जल को गंगा मैया के रूप में पूजता है। यह जयंती निषाद समुदाय द्वारा दोस्ती और त्याग के आदर्शों को याद करने के लिए मनाई जाती है।

**जश्न :** नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर गरियाबंद में जश्न

# भाजपा के नवयुग से संगठन को नई ऊर्जा, विकसित भारत का संकल्प होगा और मजबूत : अनिल चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी में आज से एक नए युग की शुरुआत हो गई है। बिहार सरकार के मंत्री एवं छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी रहे नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई। नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर गरियाबंद में भाजपा, भाजयुमो एवं भाजपा महिला मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर एकत्र होकर जमकर आतिशबाजी की, मिठाइयाँ बांटी और "भाजपा ज़िंदाबाद" तथा "नितिन नबीन ज़िंदाबाद" के नारे लगाए। पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का सशक्त संगठनात्मक अनुभव, वैचारिक दृढ़ता और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकसित भारत का संकल्प और अधिक मजबूत होगा। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से भाजपा का यह नवयुग राष्ट्र निर्माण की नई गाथा रचे, यही मंगलकामना है। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है और उनके प्रभारी रहते हुए राज्य में पार्टी ने चुनावी सफलताएँ भी हासिल की हैं। भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि यह पूरे देश के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है कि एक युवा और कर्मठ नेता को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि मेहनत और समर्पण से एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंच सकता है। यह निर्णय युवाओं को पार्टी में नई दिशा और नई सोच देने का प्रतीक है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक रूप से देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके 14 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक है, जहाँ बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ता आगे बढ़ता है। नितिन नबीन के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विज़न को युवा शक्ति साकार करेगी।



**ये रहे शामिल**

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर खुशी साझा की। इस दौरान अनिल चंद्राकर आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू महामंत्री, अजय रोहरा, सुरेन्द्र सोनटेके, मुरलीधर सिन्हा, बलदेव सिंह हुंदल, रिखीराम यादव रूपनारायण साहू, लोकेश्वरी निषाद, राधेश्याम सोनवानी सागर मायनी भागीरथी मांझी, धनराज विश्वकर्मा सुमित पारख, सोहन ध्रुव, लेखराम साहू, प्रगति देवगांन भीम निषाद टिंकू ठाकुर लीना दुबे, बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, प्रतिभा हुमने, मधु देवांगन, रेणुका साहू, प्रियंका सोनी, पुष्पक देवगांन विष्णु मरकाम, लोकनाथ साहू रिजवान मेमन अर्चना उपाध्याय, जमुना गजभिए, सूरज सिन्हा, थान सिंह निषाद, सुजल कोठारी, पुरेंद्र साहू, हिरेंद्र साहू, प्रतीक तिवारी, प्रतीक सिंह, वंश सिन्हा, बृजलाल ठाकुर, निखिल साहू, अशोक ठाकुर, पुश साहू, मयंक सोनी, दुलम बाई ध्रुव, वेदिका वासनिक, लीना दुबे व दिव्यांश मौजूद रहे।

### भाजपा आमजन से जुड़े मुद्दों को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी

नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन जैसे ज़मीनी कार्यकर्ता के नेतृत्व में भाजपा शहरी विकास, स्वच्छता, सुशासन और आमजन से जुड़े मुद्दों को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। यह नियुक्ति कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाली है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने यह साबित कर दिया है कि संगठन में समर्पण और अनुशासन का सम्मान होता है। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी।

## मौसम का बदला मिजाज, दिन में तीखी धूप, रात में ठंड का असर

हमर राजिम

**राजिम।** क्षेत्र में मौसम तेजी से करवट बदल रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव बने रहने की बात कही है। बता दें कि बदलते मौसम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दिन चढ़ते ही तेज धूप चुभने लगती है, जिससे गर्मी का अहसास होता है, लेकिन जैसे ही शाम ढलती है ठंडक अपना असर दिखाने लगती है। रात होते-होते पूरा वातावरण ठंड से भर जाता है। तापमान के इस अचानक उतार-चढ़ाव ने जनजीवन को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। मौसम के इस दोहरे रंगत से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनने, ठंडी हवा से बचने तथा संतुलित खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, ऐसे में सावधानी ही बचाव का सबसे बेहतर उपाय है।

## जिले के दिव्यांग दंपत्ति को मिले 50 हजार रुपए

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा समाज के कमजोर एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का सतत और प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिले के एक दिव्यांग दम्पत्ति को लाभान्वित किया गया है।

छुरा तहसील के ग्राम फिंगेश्वरी वार्ड क्रमांक 19 सोरिदखुर्द निवासी 29 वर्षीय पदमनी ध्रुव, जो 65 प्रतिशत अस्थिबाधित हैं एवं ग्राम अमलोर निवासी 29 वर्षीय किशोर कुमार ध्रुव दम्पत्ति को योजना के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। योजना के प्रावधान के अनुसार पति-पत्नी में से किसी एक या दोनों के दिव्यांग होने पर 50 हजार से एक लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। स्वीकृत राशि ने दम्पत्ति को उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार देने में मदद की है। प्रोत्साहन ने न केवल आर्थिक संबल प्रदान किया, बल्कि स्वयं के प्रति विश्वास, सम्मान और सामाजिक स्वीकृति को भी मजबूती दी है। दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना राज्य शासन की समावेशी सोच का प्रतीक है, जो दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।



# चंपारण में लगा सात दिवसीय रासेयो शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

चंपारण में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होने स्वामी विवेकानंद का संदेश देते हुए शिविरार्थियों को अवगत कराया। स्वामी जी के शिकागो यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि प्रेम करना हो तो अपनी धरती माँ से प्रेम करो। मोह, माया व बाहरी आडंबर के जंजाल से बचे और राष्ट्र प्रेम की भावना को विकसित करे। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने शिवरार्थियों को शिविर नियम की शपथ दिलाते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से जीवन में सार्थक होंगे। प्रवीण कल्ला ने नशामुक्त अभियान का संदेश घर घर पहुंचकर देंवे। बच्चों ने हायर सेकंडरी स्कूल विद्यालय परिसर की साफ सफाई किया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। यह जानकारी डॉ. आरके रजक ने दी।






## खबर संक्षेप



### सच्चा ज्ञान आत्मचिंतन से प्राप्त होता है : पंडित विनोद

**राजिम।** नगर के वार्ड नं 14 पथर्रा में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा में प्रसंग के दौरान कथावाचक पंडित विनोद शर्मा ने कपिल-देहुति संवाद, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को धर्म, भक्ति और आत्मबल का संदेश दिया। बताया कि सच्चा ज्ञान आत्मचिंतन से प्राप्त होता है और गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी मनुष्य वैराग्य व भक्ति के मार्ग पर चल सकता है। ध्रुव चरित्र के माध्यम से उन्होंने दृढ़ संकल्प और ईश्वर पर अटूट विश्वास का महत्व समझाया- कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता अवश्य मिलती है। वहीं सती चरित्र के वर्णन में नारी सम्मान, आत्मसम्मान और सत्य के पक्ष में अडिग रहने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान संगीतमय भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान के नाम का स्मरण किया और कथा से जीवन में सदाचार, संयम व सेवा की भावना अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### पटेल समाज कुमारी बाई महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नियुक्त

**मैनपुर।** मैनपुर जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल को मरार पटेल समाज महिला प्रकोष्ठ गरियाबंद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुमारी बाई पटेल को समाज द्वारा यह बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर पटेल समाज के लोगों ने हर्श व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दी है। राजेन्द्र नायक, सोमनाथ पटेल, विष्णु पटेल, चित्रसेन पटेल, नगर के वरिष्ठ थानुराम पटेल, उत्तम पटेल, हरिश्वर पटेल, भागीरथी पटेल, टीकम पटेल, पवन पटेल, गौरी पटेल, संतोशी पटेल, दुलेश्वरी पटेल, अनुसुईया पटेल एवं पटेल समाज के लोगो ने बधाई दी है। जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद कुमारी बाई पटेल ने कहा उन्हे समाज के द्वारा जो जिम्मेदारी दिया गया है उसे बखुबी निभाई जायेगी समाज के विकास के लिए कार्य करेंगे और महिला प्रकोष्ठ को और अधिक मजबुत बनायेंगे।



## धान खरीदी : पंजीयन न होने से धान बेचने के लिए भटक रहे किसान

# ट्रस्ट की भूमि पर खेती करने वाले 350 किसानों का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न ट्रस्टों की कृषि भूमि को रेग में लेकर खेती करने वाले किसानों का संस्थागत रेग (ट्रस्ट रेग) अंतर्गत धान उपार्जन वर्ष 2025–26 का पंजीयन 20 जनवरी 2026 तक नहीं हो पाया है। पंजीयन नहीं होने के कारण ये किसान शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान विक्रय से वंचित हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश और चिंता व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए 17 दिसंबर 2025 को तहसील कार्यालय फिंगेश्वर, अनुविभागीय अधिकारी राजिम, जिला खाद्य विभाग एवं जिला कृषि उपसंचालक गरियाबंद को लिखित आवेदन सौंपकर पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी। इसके बावजूद जिला खाद्य विभाग द्वारा यह प्रकरण 20 दिन बाद 8 जनवरी 2026 को ही संचालनालय भेजा गया, वह भी विधायक राजिम रोहित साहू के बार-बार हस्तक्षेप के बाद। करीब 20 दिनों तक फाइल दबाए रखने का मामला सामने आने से कलेक्टर कार्यालय, खाद्य एवं कृषि विभाग की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कार्यवाही होती तो पंजीयन संभव था।

किसानों ने लगातार तहसील, एसडीएम, कलेक्टर कार्यालय, मंत्रालय खाद्य विभाग एवं एनआईसी से संपर्क कर पंजीयन सुविधा की मांग की। मंत्रालय स्तर से स्पष्ट किया गया कि इस संबंध में कलेक्टर की ओर से अब तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद किसान पुनः कलेक्टर से मिले और वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

इधर किसानों के आग्रह पर विधायक रोहित साहूक्ष ने कलेक्टर गरियाबंद भगवान राम उइके, छत्तीसगढ़ शासन की खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले से भी चर्चा हुई। एनआईसी की तकनीकी समस्या को कारण बताया गया, लेकिन समाधान के नाम पर किसानों को केवल आश्वासन ही मिला। अब तक अमल नहीं हो सका है।

धान खरीदी के लिए टोकन प्रक्रिया बंद हो चुकी है और यदि सप्ताहांत तक पंजीयन नहीं हुआ तो ट्रस्ट रेग किसानों के समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि समय रहते पंजीयन सुविधा नहीं मिलने पर वे उपार्जित धान को जिला प्रशासन कार्यालय गरियाबंद एवं क्षेत्र वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के निवास राजिम पर सौंपने के लिए विवश होंगे।



### किसान वर्षों से रेग में लेकर कर रहे हैं खेती

उल्लेखनीय है कि बालाजी मंदिर, पंच मंदिर मौली माता ट्रस्ट एवं विद्या मंदिर कमेटी फिंगेश्वर के अंतर्गत लगभग 350 एकड़ कृषि भूमि ग्राम सेंदर, पतोरी, घोघरा, बिजली पुरेना, रवेली, बिनौरी, चैतरा एवं बारूला के गरीब मजदूर एवं किसान वर्षों से रेग में लेकर खेती करते आ रहे हैं, लेकिन आज भी पंजीयन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। रेग में खेती करने वाले प्रमुख प्रभावित किसानों में रामाधार साहू, इंदरमन साहू, प्रेम साहू, मोती निषाद, मन्नु साहू, उत्तम सोनवानी, संतोष तुलस, ईश्वर साहू, तुलस वर्मा, केजऊ निषाद, मन्नू निषाद, जीवन सिन्हा, जगदीश साहू, तुलसी सिन्हा, अजीत वर्मा, धनीराम सेन, दीपचंद सिन्हा, दयाराम देवांगन, नारायण सारथी सहित अनेक किसान शामिल हैं, जो भविष्य को लेकर गहरी चिंता में हैं।



## कोसम बूढ़ा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

कोसम बूढ़ा में हिंडोचा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें गांव के महिलाएं एवं आयोजक, ग्राम के लोगों ने बाजे लेकर तालाब पहुंचा जहां पर पूजा अर्चना का जल भरकर तथा भागवत महापुराण एवं लड्डू गोपाल के साथ ग्राम में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचे जहां पर कथा व्यास पर पंडित बसंत मिश्रा उपस्थित पंडित द्वारा देव आवाहन वेदी पूजन एवं व्यास पूजा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया, प्रथम दिवस कथा में पंडित बसंत मिश्रा गोकर्ण कथा सुनाएं एवं संगीत मय भजन से भक्ति पूर्ण वातावरण रहा एवं परिवार द्वारा अपने पितरों के निमित्त किया गया, कार्यक्रम स्थल सहडा चौक कोसमबूढ़ा एवं कथा का समय 12:00 बजे से 5:00 बजे तक है, कथा प्रवचन करता पंडित बसंत मिश्रा जिला महासमुंद है , 21 जनवरी बुधवार कपिल भगवान चरित्र एवं धुव चरित्र जड़ भरत कथा, 22 जनवरी गुरुवार भक्त प्रहलाद चरित्र गज ग्राह की कथा समुद्र मंथन से बलि भगवान प्रसंग, 23 जनवरी श्री राम जन्म श्री कृष्ण जन्म की कथा, 24 जनवरी शनिवार श्री कृष्ण दही लुट, रुक्मिणी विवाह, 25जनवरीसुदामा चरित्र,26 जनवरी परमधाम तुलसी वर्ष एवं 27 जनवरी में भागवत गीता प्रवचन हवन पूर्णाहुति सहस्त्र धारा स्नान प्रसादी एवं भंडारा कार्यक्रम संपन्न होंगे, कार्यक्रम का आयोजन द्वारा अपने पितरों श्राद्ध के निमित्त कराया जा रहा है उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील है कथा का आनंद ले ने अवश्य आए।

## हनुमान शक्ति सिद्धाश्रम में मानस महायज्ञ और श्री राम कथा की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम मोहराडीह में हनुमान शक्ति सिद्धाश्रम में पांच दिवसीय मानस महा यज्ञ, श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह 11:00 बजे तक हवन पूजन एवं रामायण पाठ एवं 12:00 बजे से प्रवचन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी से 21 जनवरी तक किया गया है, कार्यक्रम में पूजा पुरोहित शिव दुबे, दीनबंधु शर्मा है, कार्यक्रम के मुख्य आयोजन कर्ता से संत अखिलेश्वरी शरण हनुमान शक्ति सिद्ध आश्रम है। उन्होंने बताया कि यहां पर लगभग 25 साल से आश्रम बना कर रह रहे हैं और यहां मानस यज्ञ विगत15 वर्षों से चल रहा है इसमें आसपास के ग्रामीण एवं श्रद्धालु भाग लेते हैं, उन्होंने कहा इस वर्ष अभी लगभग 5 से 7 जोड़े यजमान बैठे हैं जो विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं जो यहां 3 दिन रहते यहां पूजा एवं पूरे कार्यक्रम में भाग लेते हैं, साथ-साथ मदन मोहन महराज द्वारा राम कथा लोगों को विस्तार से जानकारी दिया गया उसके अलावा आसपास के ग्रामीण कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग ले रहे हैं साथ-साथ सभी के लिए भंडारा आदि की भी व्यवस्था हुई है। कार्यक्रम में रावन भाटा, सिवनी, छतरपुर, धर्मपुर, राजपुर, काटा खुसरी, विज यपुर, सेमरा खरखरा सहित आसपास के ग्रामीण भाग लेते हैं।

## छत्तीसगढ़ में महापुरुषों के नाम मिटाने में लगी है भाजपा सरकार : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

राष्ट्र व्यापी आन्दोलन महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) नाम को केन्द्र के भाजपा सरकार बदल कर वीबीजीआरजी करने कानून लाया है जो जनहितैषी नही है इससे कृषक मजदूरो को काम के अधिकार से वंचित रखने का सोची समझी साजिस है। इस विषय को लेकर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार पुरे देश के सभी पंचायतों व ग्रामों में मनरेगा बचाओं संग्राम का आयोजन कर रैली, सभा कर जन जागरुकता निकाली जा रही है। इसी कडी मे विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत पेण्ड्राऔर देवरी मे भी भव्य आयोजन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अगवाई मे किया गया। मनरेगा बचाओ रैली मे नारे मनरेगा चोर, गद्दी छोड के साथ सभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्षद हरिश यादव ने कहा की भाजपा की नीति और नियत ठीक नही है देश के सभी कृषक मजदूरों के जिवकोपार्जन के साधन मनरेगा को बंद कर रही है कांग्रेस के द्वारा लायी गयी काम के अधिकार के कानून खत्म कर रही है ताकी भविष्य मे रोजगार बंद हो कर रोजगार गारंटी बंद तो विभाग भी बंद, कर्मचारी बेरोजर। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस नेता नीलकंठ ठाकुर ने अपने तार्किक विचार रखते हुए कहा की मनरेगा कानून जनहितैषी था जिसमे पन्द्रह दिवस मे सौ दिन काम नही मिलने पर कानून पूरे सौ दिनों तक के मजदूर भत्ता ले सकते है, यह कानून बनाई है कांग्रेस की सरकार ने। नाम सहीत कानून बदल डाली, योजना के गलती पर सुधार होनी चाहिए न की नाम पर, राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी जी का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नही जा सकता। इतिहास और शहीद वीर महापुरुषों के नाम और ख्याति मिटाने वाली भाजपा सरकार क्षुब्ध, कुण्ठीत और दुर्भावना से प्रेरित, पूर्वाग्रह से ग्रसीत हो कर काम कर रही है। कोमल ध्रुव ने कहा भाजपा सरकार ने रोजगार गारंटी बंद कर शराब भट्ठी खोल रही है! जयराम जगत ने कहा कि अब रोजगारंटी केन्द्र से संचालित ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के अधिकार खत्म हो गया है! इह अवसर पर पेण्ड्रा सरपंच, देवरी सरपंच दीलिप ठाकुर, ओंकार सहित महिला समुह के कार्यकर्ता बहने बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## योग के माध्यम से नशे की बुरी लत से बचा जा सकता है : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

■ नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं ने लिया संकल्प

नशा मुक्त समाज के लिए युवा" थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अमलोर में आयोजित है। शिविर का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन शैली की ओर प्रेरित करना रहा। शिविर के दौरान प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, स्वच्छता अभियान, बौद्धिक सत्र , सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योग अभ्यास आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में योगाचार्य मिथलेश सिन्हा द्वारा शिविरार्थियों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को कमजोर करता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से नशे की आदत से बाहर निकलना संभव है। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ ध्यान का अभ्यास कराते हुए इसके वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी। साथ ही जुंबा एक्सपर्ट पोखन ठाकुर,योग सेवक नरेंद्र साहू, योग शिक्षक हरीश नेताम ने सभी को जुंबा के माध्यम से मनोरंजनात्मक नृत्य व्यायाम का अभ्यास कराया जिसको शिविरार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग सत्र में भाग लिया और नशा मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। योग शिविर के उपरांत पूरे गांव में नशा मुक्ति हेतु प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें नशा नाश की जड़ है भाई इसने ही सब आग लगाई, बीड़ी पी कर खांस रहे हैं मौत के आगे नाच रहे हैं जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर विनीत साहू एवं समय दानी शिक्षक शीतल ध्रुव ने कहा कि एनएसएस के इस सात दिवसीय शिविर में युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, आत्मअनुशासन एवं स्वस्थ जीवन के उत्साह का संचार होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान शिविर नायक योगेंद्र ठाकुर, शिविर नायिका बालेश्वरी मांझी, ओम आर्यन राज, गौरव ध्रुव, कमलेश ठाकुर, ओमप्रकाश, काजल दिवान, राधिका नायक, चांदनी साहू, मोनिका नेताम, छतेश्वर सोरी, संतोष नेताम, परमेश्वर नेताम प्रीति ठाकुर, पूर्व शिविर नायिका चांदनी ठाकुर,संतोष सोरी उपस्थित रहे।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण में दस्तावेजों का पेंच, 2003 की सूची ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मतदाता गहन पुनरीक्षण फार्म भरने के बाद सत्यापन कार्य तेजगति से चल रहा है यदि 13 दस्तावेजों में एक भी दस्तावेज नहीं मिला तो मतदाताओं के नाम कट जायेंगे तथा वे मताधिकार से वंचित हो जाएंगे जिन मतदाताओ ने वर्ष 2003 की सर्वे सूची तथा अपने परिजनों के दस्तावेज दिये है इसे लेकर ग्राम पंचायतों व गांव तक तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ पहुंचकर जॉच कर रहे है और पेशी रखी गई है। मैनपुर जनपद पंचायत के सीईओ डीएस नागवंशी ने बताया वे लगातार अब तक 30 ज्यादा गांवों में पहुंच चुके है सभी समस्याओ का समाधान किया जा रहा है कईयो के पास कोई दस्तावेज नही है ऐसे मतदाताओ को 22 जनवरी तक समय दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद मतदाता पेशी पर पहुंचकर अपनी परेशानिया बता रहे है वही अनेको की यह समस्या है कि उनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है तो किसी के दस्तावेज गुम हो चुके है तो किसी के दस्तावेजो को दीमक चट कर गये है कुल मिलाकर निर्वाचान आयोग की ओर से जिन दस्तावेजो की मांग किया है उनमे से 04 दस्तावेजो को एकत्र करने में मतदाताओ के पसीने छूट रहे है। दस्तावेजो को जमा करने के लिए कही 20 जनवरी तक समय दिया गया है वही तहसीलदार भी लगातार इन कार्य में लगे हुए है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर राजिम में परामर्श हेतु उपलब्ध
22 जनवरी दिन गुरूवार, सुबह 10:30 से 3 बजे तक
गायत्री मंदिर, सरकारी अस्पताल के पास, राजिम
क्या आपकी नश दब गई है ?
नशों में दबाव के कारण :
दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन
ज्यादा चलने पर एवं खड़े होने पर दर्द होना
असहनीय दर्द से छूटकारा
हर कदम चले बिना दर्द के
- लकवा, स्लिप डिस्क
- रीढ़ की हड्डी में दर्द
- सयाटिका
- एड़ी दर्द, कंधा दर्द, गर्दन दर्द
- Cervical Spondylosis
- अकड़न एवं चक्कर
- युरिक एसिड RA Factor बढ़ना
- Varicose Veins नीली नशो का गुच्छा
- घूटना दर्द (Osteoarthritis)
- घूटने एवं पैरों में सूजन
- ज्यादा चलने एवं बैठकर उठने में दर्द
- कट-कट की आवाज
- लिक्विड कम होना, हड्डी में गैप होना।
- सीढ़ी चढ़ने-उतरने में दर्द
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थायी पता : कटोरा तालाब, नेताजी चौक, रायपुर